# शहर में गंदगी करने वाले 12 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम | सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान आयुक्त सोमनाथ झारिया ने 12 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया। इसमें फ्रीगंज क्षेत्र नवल किशोर व न्यू राजस्थान मशीनरी पर 2500 रुपए, प्रकाश् ट्रेडर्स, बालाजी एग्रो, गणेश ट्रेडर्स, नीलेश इंटरप्राईजेस, महावीर टैंट हाउस, सतीश सोमानी, दीपक कोठारी, हर्ष अरोरा, जयश्री टैंट हाउस, लाला खान पर 500 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया।

# शहर की 240 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट बंद

## नए साल के पहले मेंटेनेंस नहीं होने से आई समस्या

भास्कर संवाददाता | रतलाम

31-12-2020

शहर के दस से ज्यादा इलाकों के रहवासी शुक्रवार को नए साल का जश्न अंधेरे में मनाएंगे क्योंकि इन इलाकों की 240 से ज्यादा स्ट्रीट लाइट कई दिनों से पड़ी है। कारण, ईईएसएल कंपनी द्वारा मेंटेनेंस बंद किया जाना है। उसका लगभग 1.90 करोड़ का भुगतान बाकी है। इसके चलते ईईएसएल कंपनी ने मेंटेनेंस के लिए जरूरी सामान भेजना बंद कर दिया है। नगर निगम कुछ दिन पहले सिर्फ जून माह के 10 लाख रुपए दिए हैं, लेकिन टीम ने मेंटेनेंस शुरू नहीं किया है। बोहरा बाखल के समाजसेवी सलीम आरिफ बादशाह ने बताया बाखल की 15 से 28 स्ट्रीट लाइटें डेढ़ माह से बंद पड़ी है। कंट्रोल रूम पर शिकायतें करने के बाद भी नहीं सुधारी जा रही है। निगम के अफसरों को ध्यान देना चाहिए। अंधेरे का फायदा उठाकर बदमाश बड़ी वारदात कर सकते हैं।

## मेंटेनेंस के लिए सामान नहीं

ईईएसएल कंपनी के हसन अली ने बताया हमारे पास स्टॉक में मेंटेनेंस के लिए जरूरी एलईडी लाइट्स, तार सहित अन्य सामान व उपकरण ही नहीं हैं। ननि प्रकाश विभाग प्रभारी एमके जैन ने बताया पेमेंट को लेकर कोई ईश्यू है। इसलिए मेंटेनेंस नहीं हो पा रहा है।

**यहां अंधेरा -** बोहरा बाखल, काटजू नगर, अलकापुरी, जवाहर नगर, विक्रम नगर, हरमाला रोड, अर्जुन नगर, डोंगरे नगर, नयागांव आदि।

4/3. [signature]

31-12-2020

15

## बिल्डिंग परमिशन शुल्क कम किया जाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

31-12-2020

नगर निगम पहली दिसंबर से बढ़ाए बिल्डिंग परमिशन शुल्क में कमी करने की मांग को लेकर बुधवार को भाजपा मंडल अध्यक्षों ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र सौंपा। इसके पहले विधायक चेतन्य काश्यप भी शुल्क में संशोधन का मुद्दा उठा चुके हैं। मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, आदित्य डागा के साथ हेमंत राहोरी, कमल सिलावट, धर्मेंद्र देवड़ा आदि मौजूद रहे।

भास्कर 31-12-2020

कांग्रेस के बाद अब भाजपा मंडल अध्यक्षों ने आयुक्त को सौंपा पत्र

# भवन अनुज्ञा शुल्क बढ़ने के खिलाफ अब भाजपा ने मोर्चा खोला, सौंपा पत्र

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 31-12-2020

रतलाम. नगर निगम द्वारा 1 दिसम्बर से बढ़ाए गए भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क में कमी करने की मांग को लेकर भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने बुधवार शाम को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि अनुज्ञा शुल्क में कमी के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने भी पत्र लिखा है। बता दे कि इस शुल्क वृद्धि का सबसे पहले कांग्रेस ने विरोध किया था व ज्ञापन आदि दिया था।

असल में नगर निगम में पूर्व में जब भवन निर्माण की मंजूरी लेने जाते थे तो मलबा शुल्क के अलावा मंजूरी के 5 हजार रुपए लगते थे। इसमे भी बाद में अगर निर्माणकर्ता स्वयं ही मलबा हटाता था तो मलबा शुल्क वापस दे दिया जाता था। 1 दिसंबर से निगम ने आवास निर्माण की मंजूरी का शुल्क बढ़ाकर 5 हजार रुपए से 50 हजार रुपए कर दिया। इसके बाद से ही शहर में निगम के खिलाफ नाराजी है। इससे आमजन के लिए स्वयं का आवास का सपना देखना महंगा हो गया है। इसी का विरोध पहले कांग्रेस, शहर विधायक व अब भाजपा ने किया है।




शहर विधायक काश्यप ने इस बढ़े हुए शुल्क के खिलाफ नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर गोपालचंद डाड से चर्चा कर उन्हें अनुज्ञा शुल्क बढ़ाने के बाद इसके लिए बीच का रास्ता निकालने को कहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने बताया कि नगर निगम द्वारा की गई शुल्क वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इससे आमजन पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ रहा है। इस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। पत्र सौंपते समय भाजपा के प्रतिनिधि मण्डल में मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, आदित्य डागा सहित हेमन्त राहोरी, कमल सिलावट, धर्मेन्द्र देवड़ा एवं सिटी इंजीनियर एससी व्यास उपस्थित थे।

पत्रिका 31-12-2020

## भवन अनुज्ञा शुल्क कम किया जाए, भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने सौंपा पत्र

इन्दौर 31-12-2020



रतलाम। नगर निगम द्वारा 1 दिसम्बर 2020 से बढ़ाए गए भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क में कमी करने की मांग को लेकर भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि अनुज्ञा शुल्क में कमी के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने भी पत्र लिखा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासक एवं कलेक्टर गोपालचंद डाड से चर्चा कर उन्हें अनुज्ञा शुल्क का युक्तियुक्तकरण करने को कहा है। भाजपा मण्डल अध्यक्षों ने बताया कि नगर निगम द्वारा की गई शुल्क वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इससे आमजन पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ रहा है। इस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। पत्र सौंपते समय भाजपा के प्रतिनिधि मण्डल में मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी, मयुर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, आदित्य डागा सहित हेमन्त राहोरी, कमल सिलावट, धर्मेन्द्र देवड़ा एवं सिटी इंजीनियर एस.सी. व्यास उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार
31-12-2020

# भवन अनुज्ञा शुल्क को कम किया जाए

## भाजपा मंडल अध्यक्षों ने नगर निगम आयुक्त को सौंपा पत्र

रतलाम। नगर निगम द्वारा 1 दिसंबर 2020 से बढ़ाए गए भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क में कमी करने की मांग को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्षों ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को पत्र सौंपा। इसमें बताया गया कि अनुज्ञा शुल्क में कमी के लिए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने भी पत्र लिखा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर गोपालचंद डाड से चर्चा कर उन्हें अनुज्ञा शुल्क का युक्तियुक्तकरण करने को कहा है। भाजपा मंडल अध्यक्षों ने बताया कि नगर निगम द्वारा की गई शुल्क वृद्धि किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इससे आमजन पर अनावश्यक आर्थिक भार बढ़ रहा है। इस वृद्धि को तत्काल वापस लिया जाए। पत्र सौंपते समय भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, मयूर पुरोहित, कृष्णकुमार सोनी, आदित्य डागा सहित हेमंत राहोरी, कमल सिलावट, धर्मेंद्र देवड़ा, सिटी इंजीनियर एससी व्यास उपस्थित थे।



निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को ज्ञापन सौंपते हुए भाजपाई। • नईदुनिया

31-12-2020

नईदुनिया
31-12-2020

# जिले में सर्वोच्च प्राथमिकता से अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा

## -समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की

रतलाम ● स्वदेश समाचार 31-12-2020



जिले में पर्चीधारक परिवारों को राशन सामग्री का वितरण समारोहपूर्वक किया जाएगा। प्रत्येक माह की 4 से 9 तारीख के मध्य यह आयोजन वहां होंगे जहां हाट बाजार लगते है।

समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर गोपालचंद डाड ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्न उत्सव आयोजन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। इसमें पूर्ण गंभीरता रखते हुए आयोजन किए जाए।

कलेक्टर ने बताया कि जहां हाट बाजार नहीं लगते है वहां की प्रत्येक 7 तारीख को अन्न उत्सव आयोजित किए जाए, यदि एक सेल्समेन दो दुकानें देखता है तो 7 तथा 9 तारीख को आयोजन होगा। इसके लिए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए जो आयोजन के दौरान उपस्थित रहेंगे। यदि नोडल अधिकारी उपस्थित नहीं रहता है तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा।

कलेक्टर ने अन्न उत्सव आयोजन के संबंध में जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाने तथा नोडल अधिकारियों तथा उचित मूल्य दुकानदारों को प्रशिक्षित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा कि अन्न आयोजन के दो दिन पूर्व मुनादी करने एवं पात्रता पर्चीधारकों को पत्र सूचना द्वारा आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने बैठक में बताया कि गुण्डे-बदमाशों का सफाया करना तथा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करवाना भी शासन की प्राथमिकता में शामिल है। जिले में पांच हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने का लक्ष्य मिला है, इसे ध्यान में रखते हुए 12 तथा 13 जनवरी को जिले में भी रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे तथा 15 जनवरी को रोजगार आफर लेटर प्रदान किए जाएंगे।

### रेत माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई

रेत माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला खनिज विभाग 1 जनवरी को पुलिस अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों तथा खनिज अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित करें। आयुष्मान कार्ड के संबंध में उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्रों में भी आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है, जिस प्रकार से ग्राम पंचायतों में यह कार्ड बन रहे है।

### प्रमुख विभागों के अधिकारी मौजूद रहें

प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के संबंध में कलेक्टर ने बताया कि अगली जनसुनवाई के दौरान प्रमुख विभागों के अधिकारी भी अनिवार्य रुप से मौजूद रहे। यदि अधिकारी अवकाश पर होगा तो उसका अधिनस्थ अधिकारी जनसुनवाई में मौजूद रहे। शेष विभागों के अधिकारी अपने कार्यालयों में जनसुनवाई करेंगे। कलेक्टर ने बाजना जनपद पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी को भी जनसुनवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पशु चिकित्सा सेवाओं, स्वामित्व अभियान सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कृषि विभाग की सराहना की जिसने विगत सप्ताह में बेहतर कार्य किया और अपनी स्थिति को सुधारा। अभी कृषि विभाग की 82 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन में लंबित है, जिनका निराकरण किया जाना है। उन्होंने रतलाम शहर तहसील के ग्राम धटला के आवेदक द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर कि फोरलेन में उसकी भूमि ले ली गई, परन्तु मुआवजा नहीं मिला, इस संबंध में कलेक्टर ने एनएचएआई के स्थानीय प्रबंधक को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि 4 जनवरी से पूर्व शिकायत का निराकरण किया जाए अन्यथा उनको उनके उच्च अधिकारी को निलंबित किया जाएगा।

20/1/21
31-12-2020

(21)

## बगैर अनुमति नहीं होंगे राजनीतिक, धार्मिक आयोजन

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने धारा 144 के तहत आदेश जारी कर अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य अवसरों पर आयोजकों द्वारा सभा, धरना, रैली प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी है। व्यक्तिगत आयोजनों जन्मदिन, वर्षगांठ, विवाह, धार्मिक आयोजन इत्यादि पर यह आदेश लागू नही होंगे। ऐसे आयोजन जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हो, बिना संबंधित थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति उपरांत संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना आयोजित नही किए जा सकेंगे। आदेश आगामी दो माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर धारा 188 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

नई दुनिया 31-12-2020

## रतलाम जिले में धारा 144 प्रभावशील

रतलाम ● जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आगामी दो माह तक धारा 144 के अंतर्गत आदेश जारी कर दिए गए है। जिला दंडाधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जिले की सीमा में कोई भी व्यक्ति अथवा सम्प्रदाय या समूह दल जिले के संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दंडाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त करे बगैर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य अवसरों पर आयोजकों द्वारा सभा, धरना, रैली, प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा और ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेगा। उक्त आदेश व्यक्तिगत आयोजनों जैसे कि जन्म, वर्षगांठ, विवाह, धार्मिक आयोजन इत्यादि पर लागू नहीं होगा। 5 या 5 से अधिक व्यक्ति जिस आयोजन में शामिल हो उसकी अनुमति थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति उपरांत संबंधित एसडीओ की अनुमति प्राप्त किए बिना आयोजित न करें। आदेश का उल्लंघन करने पर दंडसंहिता के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

31-12-2020

## बगैर अनुमति धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं होगा

**धारा 144 के तहत जिला दंडाधिकारी ने जारी किए आदेश**

रतलाम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी गोपालचंद्र डाड द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत जनसामान्य के हित जान माल, लोक शांति को बनाए रखने हेतु आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत तहत रतलाम जिले की सीमा में कोई भी व्यक्ति अथवा संप्रदाय या समूह, दल जिले के संबंधित अनुविभाग के अनुविभागीय दंडाधिकारी से 24 घंटे पूर्व वैधानिक अनुमति प्राप्त किए बगैर किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य अवसरों पर आयोजकों द्वारा सभा, धरना, रैली प्रदर्शन एवं बंद न तो आयोजित करेगा ना ही इसके लिए प्रचार-प्रसार करेंगा। उपरोक्त बिंदु व्यक्तिगत आयोजनों जैसे कि जन्म, वर्षगांठ, विवाह, धार्मिक आयोजन इत्यादि पर लागू नहीं होंगे। आदेश में कहा गया है कि आयोजन जिसमें 5 या 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हो, बिना संबंधित थाना प्रभारी, नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सहमति उपरांत संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति प्राप्त किए बिना आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। आदेश आगामी 2 माह तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के उल्लंघन पर धारा 188 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

31-12-2020

## धारा 144 में सार्वजनिक कार्यक्रमों पर लगी रोक

रतलाम | जिले में आगामी दो माह तक बिना अनुमति के किसी भी प्रकार के धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे। कलेक्टर ने धारा 144 के तहत आदेश जारी कर दिए हैं। सभा, धरना, रैली प्रदर्शन एवं बंद न आयोजित करेगा न प्रचार प्रसार कर सकेगा। ये प्रतिबंध जन्म, वर्षगांठ, विवाह, धार्मिक आयोजन पर लागू नहीं होंगे। आदेश के मुताबिक ऐसे आयोजन जिसमें 5 से अधिक व्यक्ति शामिल हो, बिना अनुमति के नहीं किए जाएंगे।

31-12-20

## अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सीधे प्रकरण दर्ज नहीं कर सकेंगी जांच एजेंसियां

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में नई धारा जोड़कर लागू की व्यवस्था

31-12-2020

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। प्रदेश में अब किसी भी अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ जांच एजेंसियां सीधे प्रकरण दर्ज नहीं कर सकेंगी। वे सीधे पूछताछ भी नहीं कर सकेंगी। इसके लिए उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग से अनुमति लेनी होगी। विभाग ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में नई धारा जोड़कर यह व्यवस्था लागू कर दी है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि विशेष स्थापना पुलिस, लोकायुक्त संगठन हो या फिर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) किसी भी लोकसेवक (अधिकारी/कर्मचारी) के खिलाफ सीधे प्रकरण दर्ज नहीं कर सकेंगे। पूछताछ भी अनुमति मिलने के बाद ही होगी। कर्तव्यों में लापरवाही पर जांच एजेंसी के प्रमुख भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में धारा 17-ए के तहत सभी संबंधित अभिलेख सहित प्रतिवेदन संबंधित विभाग को भेजेंगी। इसके बाद संबंधित विभाग जांच करके मामला दर्ज करने या न करने की सूचना देगा। पिछले कुछ समय से ऐसे मामले सामने आए हैं, जिसमें संबंधित विभाग अभियोजन को लेकर असहमति जता चुके हैं। विधि विभाग की राय संबंधित विभागों से अलग है। अब इसका निराकरण मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली समिति में होना है। इस स्थिति से बचने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग और जिला अधिकारियों से कहा है कि वे अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ जांच या पूछताछ करने के लिए पूर्व अनुमति जारी करने की प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करें।

नई दुनिया 31-12-2020

शिविर हुआ समाप्त

# अंतिम दिन आया अधिक कर

प.भा. 31-12-10

रतलाम. नगर निगम द्वारा करदाताओं के लिए शहर के विभिन्न वार्डों में लगाए गए कर वसूली के शिविर का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन दिलबहार चौराहे पर लगे शिविर में सर्दी के बाद भी करदाता बेहतर संख्या में आए। निगम शिविर समापन होने के बाद निगम कार्यालय में भी देर शाम तक कर जमा करवाने वालों की भीड़ रही। दिलबहार चौराहे पर हुए शिविर में 280150 रुपए का जलकर जमा हुआ जबकि 1.90 लाख रुपए का संपत्तिकर जमा किया गया। अब तक लगे शिविर में 2731050 रुपए जलकर व

# सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, रैन बसेरा सिविक सेन्टर, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम फायर ब्रिगेड सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलाव जलाये गये।

इन्दौर समाचार

31-12-2020



रतलाम सार्वजनिक स्थान पर अलाव तापते हुए ग्रामीण। ●नईदुनिया 31-12-20

नई दुनिया।

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 31 व्यक्तियों पर जुर्माना, गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी



रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रुम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सिविक सेन्टर, राम मंदिर, शहर सराय, धानमण्डी, न्यू रोड व दो बत्ती क्षेत्र में गंदगी व मलबा फैलाने पर दुर्गा टेऊडर्स, रमेश कम्पनी, ओम शक्ति, सिद्धी कन्सेशनरी पर 1000-1000, अखिलेश, मणीलाल गांधी, बालाजी रेस्टोरेंट, जय मोहन, हातिम पाकावाला, जनसेवा व रूपायन रवि टेऊडर्स पर 500-500, महाकाल पानी पताशा, आदिल सिद्दिकी, कैलाश

(10)



## धोलावाड़ पर्यटन महोत्सव : धोलावाड़ की वादियों में नागरिक प्रतिदिन पहुंचकर आनंदित हो रहे हैं

रतलाम। इको टूरिज्म पार्क धोलावाड़ की वादियों में रतलाम तथा आसपास के नागरिक प्रतिदिन पहुंचकर बोट राइडिंग, वाटर स्कूटर राइडिंग तथा अन्य गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। साथ ही स्वादिष्ट दाल पानिया का लुत्फ भी उठा रहे हैं। धोलावाड़ महोत्सव 5 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव में बच्चों के लिए तीरंदाजी का भी अपना एक अलग ही आकर्षण है जिसका बच्चे पूरा मजा उठा रहे हैं। कोरोना के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग का भी पूरा ध्यान रखा गया है। डैम के किनारे सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गोले बनाए गए हैं।

इन्दौर समाचार
31-12-2020



# जाम और यातायात की अन्य समस्याओं का कारण महकमों में समन्वय नहीं

रतलाम। दिसंबर के दूसरे अंक में उपग्रह ने 'सड़कों पर डिवाईडर रख देने से नहीं सुधरेगा यातायात' शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर शहर में फैल रही अव्यवस्था पर ध्यान आकर्षित किया था। प्रशासन ने दिसंबर के अंतिम सप्ताह में उस पर संज्ञान लेते हुए अव्यवस्था फैला रहे डिवाईडर हटाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने ये डिवाईडर जाम से मुक्ति और यातायात में सुधार की बात कहते हुए लगाए थे, लेकिन उन्हें हटाने की वजह बार-बार जाम लगना बताई है। वास्तव में जाम और यातायात की अन्य समस्याओं का कारण इससे जुड़े महकमों में समन्वय नहीं होना है।

यातायात पुलिस ने दिसंबर के पहले सप्ताह में यातायात में सुधार का हवाला देते हुए शहर के कई प्रमुख बाजारों में डिवाईडर लगा दिए थे। इन्हें लगाने से पहले पार्किंग लाइन भी डाली गई थी और उसके आधार पर प्रमुख बाजारों में डिवाईडर लगे थे। पार्किंग लाइन और डिवाईडर की इस व्यवस्था से पहले पुलिस को नगर निगम और अन्य विभागों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाना थे, लेकिन समन्वय के अभाव के चलते पुलिस ने अतिक्रमण हटाना मुनासिब नहीं समझा और सड़क किनारे लगने वाली सब्जी की दुकानों और ठेले वालों को हटाने की कोशिश भी नहीं की। इससे यातायात भी नहीं सुधरा और उलटे बार-बार जाम लगने की समस्या और सामने आ गई। इस नई व्यवस्था में दोपहिया वाहन तो जैसे-तैसे निकल जाते थे, लेकिन चार पहिया वाहन चालकों की फजीहत हो रही थी।

पुलिस ने डिवाईडर लगाने की यह व्यवस्था बिना योजना बनाए की थी। चौड़ी सड़कों के साथ कई संकरे बाजारों में भी डिवाईडर लगा दिए गए, जबकि वहां पहले ही आए दिन यातायात जाम होता आया है। यातायात सुधार के लिए शहर में सबसे पहले अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाने की जरूरत है। नाहरपुरा, धानमंडी, गणेश देवरी, चौमुखीपुल और हाट रोड जैसे बाजारों में डिवाईडर लगने से यातायात व्यवस्था ध्वस्त ही हो गई। कुछ जगह डिवाईडर गिरकर टूटना भी शुरू हो गए थे। पुलिस योजना बनाकर व्यापारियों से चर्चा कर यातायात सुधार के कदम उठाती, तो उसे सफलता मिल सकती थी, लेकिन पुलिस ने न तो किसी विभाग से संपर्क किया और ना ही खुद कोई प्रयास किया, जिससे उसे तीसरे सप्ताह में ही डिवाईडर व्यवस्था वापिस लेने का कदम उठाना पड़ा है।

पुलिस द्वारा संकरे बाजारों में डिवाईडर लगाने से जनता को हो रही परेशानी को ही उपग्रह ने प्रकाशित किया था, जिसपर देर आयद-दुरुस्त आयद की तर्ज पर पुलिस ने कार्यवाही की और डिवाईडर हटाना शुरू कर दिए हैं। सीएसपी हेमंत चौहान का कहना है कि डिवाईडर से जहां समस्या आ रही है, वहां से उन्हें हटाया जा रहा है। एक दो दिन में सभी प्रमुख बाजारों में लगे डिवाईडर हटाए जाने की उम्मीद है।

साप्ताहिक उपग्रह
31-12-2020

• स्वच्छता : लॉकडाउन में प्राथमिकता में रही साफ-सफाई



## नगर निगम

▶ नगर निगम के स्वच्छता अमले ने कोरोना संक्रमण के दौरान अपनी जान की परवाह किए बगैर शहर को साफसुथरा रखने और कंटेनमेंट क्षेत्र सहित पूरे शहर में सैनिटाइजेशन करने के साथ जरुरतमंद लोगों को भोजन पैकेट वितरित किए।

▶ स्वच्छता अभियान 2020 में छोटे शहर के पायदान में ग्रेड सुधरीए इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन की होने वाली शिकायत को हल करने में प्रदेश में नंबर एक पर रतलाम नगर निगम रहा।

▶ वर्ष के अंतिम महीने में पहुंचने के पूर्व से निगम ने शहरवासियों को प्रतिदिन पेयजल देने की योजना पर काम शुरू किया और धोलावाड़ से लेकर रतलाम पाइप लाइन में लीकेज और वॉल्व को ठीक कराने का काम शुरू किया है।

4 / निगम

31-12-2020

### गरीब बस्ती के आशियाने उजाड़ने की योजना का विरोध

# कांग्रेस और रहवासियों ने गांधी प्रतिमा पर मौन धरना दिया

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

जिस प्रशासन ने रहने को आशियाना दिया वही फिर प्रशासन आज आशियाने उजाड़ने की योजना बना रहा है। अर्जुन नगर स्थित झुग्गी बस्ती में रहवासियों को वर्ष 2000 में प्रशासन द्वारा सुभाष नगर, पोलो ग्राउंड, फ्रीगंज की झुग्गी बस्तियों से लाकर बसाया गया था, उसके पश्चात 2013 में तत्कालीन जिलाधीश चंद्रशेखर और नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा पुन: अन्य झुग्गी वासियों को वहां बसाया गया एवं पट्टे वितरित किए गए।


अब उन्हें फिर उस जगह से आयुक्त द्वारा हटने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। इसी समस्या को लेकर अर्जुन नगर झुग्गी बस्ती रहवासियों द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं क्षेत्रीय पार्षद रजनीकांत व्यास के के नेतृत्व में बुधवार को नगर निगम स्थित गांधी उद्यान में मौन धरना दिया गया।

धरने पर बैठे कटारिया का कहना है कि उक्त भूमि पर नगर सुधार न्यास की योजना डूब क्षेत्र में आने के कारण निरस्त कर दी गई थी उसके पश्चात गरीब रहवासियों को बसाया गया था! एक तरफ भाजपा सरकार गरीबों को आवास देने की बात कर रही है, दूसरी तरफ सरकारी नुमाइंदे गरीबों की छत उजाड़ने में लगे हैं! इसको कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी!

इसमें आयुक्त द्वारा हाल ही में जमीन की नपती भी की गई। प्रशासन द्वारा इन गरीबों के आशियाने उजाड़े गए तो कांग्रेस बड़ा अंदोलन करेगी और इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। अंत में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

धरने में पूर्व पार्षद फय्याज मंसूरी, वहीद शेरानी, चंद्रप्रकाश पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष कमरूद्दीन कछवाय, जितेंद्र हाड़ा पंडित कैलाश सोलंकी अफजल नेता, सहित बड़ी संख्या में अर्जुन नगर रहवासी उपस्थित थे!

# अर्जुन नगर वालों को हटाने के विरोध में कांग्रेस का मौन प्रदर्शन



कांग्रेस ने गांधी उद्यान में गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन प्रदर्शन किया।

## भाजपा सरकार गरीबों को हटाने की कर रही तैयारी

**रतलाम** | अर्जुननगर झुग्गी बस्ती के रहवासियों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर उजाड़ने के विरोध में बुधवार को कांग्रेस ने गांधी उद्यान में गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष महेंद्र कटारिया का कहना है 2000 में प्रशासन ने सुभाष नगर, पोलो ग्राउंड, फ्रीगंज की बस्ती वालों को यहां ले जाकर बसाया था। 2013 में तत्कालीन कलेक्टर ने भी यहां कुछ झुग्गी वासियों को शिफ्ट कर पट्टे वितरित किए थे। अब एक तरफ भाजपा सरकार गरीबों को आवास देने की बात कर रही है। दूसरी तरफ गरीबों के मकान हटाने की तैयारी क[illegible] रही है। सुबह 11 बजे से दोपहर [illegible] बजे तक दो घंटे तक झुग्गी ब[illegible] वालों के साथ प्रदर्शन के बाद कां[illegible] पदाधिकारियों ने एसडीएम अभि[illegible] गेहलोत को ज्ञापन दिया। रजनीक[illegible] व्यास, झुग्गी प्रकोष्ठ अध्यक्ष निर[illegible] चौहान, चंद्रप्रकाश पुरोहित, फैय्य[illegible] मंसूरी, वहीद शेरानी, जितेंद्र हा[illegible] कैलाश सोलंकी, अफजल [illegible] आदि उपस्थित रहे।

### नगर निगम का दल गया था अतिक्रमण मानकर हटाने

# आवास का मामला अब प्रशासन तक पहुंचा

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर के अर्जुन नगर क्षेत्र में बने हुए आवास का मामला अब प्रशासन तक पहुंच गया है। वर्ष 1984 में जिन लोगों को तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह ने पट्टे आंवटित किए थे, उन्हें हटाने के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को नगर निगम के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने मौन धरना दिया। इस दौरान शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत व नगर पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान आए तो उनको ज्ञापन दिया गया। अब प्रशासन इस मामले में जांच करेगा।



नगर निगम का लोक निर्माण विभाग का अमला तीन दिन से अर्जुन नगर में अतिक्रमण की शिकायत को हल करने जा रहा है। इसके लिए बने हुए आवास के दस्तावेज मांगे जा रहे है व पट्टे की जांच हो रही है। इतना ही नहीं, चुने की लाइन डालकर चिह्नित भी किया गया। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के सचिव रजनीकांत व्यास कार्यकर्ताओं के साथ अर्जुन नगर पहुंच गए थे। उस समय नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल आदि कार्रवाई कर रहे थे। कांग्रेस नेता व्यास ने अधिकारियों के दल को वास्तविकता से अवगत कराया व तत्कालीन समय की नगर सुधार न्यास की एक भूमि सर्वे नंबर 115, 116 व 117 पर अन्य व्यक्ति द्वारा किए गए अतिक्रमण की जानकारी दी। यह जानकारी मिलने पर दल ने उक्त अतिक्रमण को मुक्त कराया। इसके बाद ही बुधवार को कांग्रेस ने धरना दिया।

**यह है पूरा मामला :** असल में 20 सुत्रीय कार्यक्रम के अंगर्तत अर्जुन नगर में आवासहीन परिवार को पट्टे जारी करने की योजना बनी। डूब क्षेत्र में भूमि आने पर जो राशि ली गई थी वो वापस की गई व योजना को स्थगित किया गया। यह भूमि शासन को पुनः सौंप दी गई। इसके बाद वर्ष दो हजार में झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों को यहां पर लाकर बसाया गया। उस दौरान 100 परिवार को पट्टे दिए गए। वर्ष 2013 में तत्कालीन कलेक्टर व तत्कालीन निगम आयुक्त ने यहां पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों को बसाया। अब कांग्रेस का आरोप है कि जिनको निगम व प्रशासन ने बसाया उनको क्यों हटाया जा रहा है। इसी बात को लेकर बुधवार को धरना व ज्ञापन दिया गया।

## जांच का भरोसा दिया

बुधवार को शहर कांग्रेस ने सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक मौन धरना दिया। इसके बाद शहर एसडीएम गेहलोत व नगर पुलिस अधीक्षक चौहान पहुंचे व कांग्रेस शहर अध्यक्ष महेंद्र कटारिया से ज्ञापन लिया। कटारिया ने बताया कि एसडीएम ने जांच का भरोसा दिया है। अगर जांच नहीं की गई तो कांग्रेस आगे आंदोलन करेगी। धरने में पूर्व पार्षद फय्याज मंसूरी, वहीद शैरानी, चंद्रप्रकाश पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष कमरूद्दीन कछवाय, जितेंद्र हाड़ा, कैलाश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में अर्जुन नगर रहवासी उपस्थित थे।

# दो पर लगाया दो-दो हजार रुपए जुर्माना

रतलाम. नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान अंतर्गत बुधवार को एक ही क्षेत्र फ्री गंज में 12 लोगों पर गंदगी करने पर जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी एपीसिंह के नेतृत्व की गई। इस दौरान दो लोगों पर दो दो हजार रुपए का जुर्माना व शेष दस पर 500-500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

पत्रिका
31-12-2020

पत्रिका
31-12-2020

# टूटी पाइप लाइन के लीकेज सुधारें

रतलाम. शहर में नगर निगम की नियमित पेयजल देने की योजना पर कार्य निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत शहर में प्रतिदिन लीकेज पाइप लाइन को सुधार कार्य के साथ वॉल में सुधार जारी है। अब तक 484 पाइप लाइन लीकेज सुधारे जा चुके है, जबकि 103 वॉल सुधार दिए गए है। निगम के जलविभाग के अधिकारियों के अनुसार लीकेज सुधार के कार्य जारी रहेंगे। शहर में अक्टूबर माह से पेयजल लीकेज हुई मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना की पाइप लाइन को सुधार का कार्य जारी है। इसके अलावा जो वॉल लीकेज हो रहे है उनको भी सुधारा जा रहा है। इसकी समीक्षा प्रतिदिन शाम को स्वयं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया कर रहे है। पेयजल टंकी से प्रतिदिन वितरण कार्य की शुरुआत होगी।


बैठक

कलेक्टर ने सीएमओ जावरा के जवाब पर जताई नाराजगी

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में फर्जी उत्तर नहीं दें जिम्मेदार

31-12-2020

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण को लेकर जवाब का स्तर उच्च हो, चलताऊ नहीं हो। यह निर्देश मंगलवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने दिए। जावरा में गंदगी से संबंधित शिकायत के निवारण में मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा दिए गए रिप्लाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने सीएमओ को निर्देशित किया कि वे फर्जी टाइप के उत्तर नहीं दें। उन्होंने जावरा एसडीएम को भी निर्देशित किया कि मानीटरिंग करते हुए सीएमओ की कार्यशैली में कसावट लाएं।



टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड।

शहर तहसील के ग्राम घटला के आवेदक द्वारा फोरलेन के लिए भूमि लेने के बाद भी मुआवजा नहीं मिलने के संबंध में कलेक्टर ने एनएचएआइ के स्थानीय प्रबंधक को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि 4 जनवरी से पूर्व शिकायत का निराकरण किया जाए अन्यथा उनको तथा उनके उच्च अधिकारी को निलंबित करने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

**जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे सभी विभागों के अधिकारी**

कलेक्टर द्वारा बताया गया कि मंगलवार से जनसुनवाई के दौरान प्रमुख विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। इनमें खासतौर पर उन विभागों के अधिकारी रहेंगे जिनसे संबंधित आवेदन जनसुनवाई में अधिकांश रूप से प्राप्त होते हैं। कलेक्टर ने बाजना जनपद पंचायत की सीईओ को भी जनसुनवाई करने के निर्देश दिए।

**नोडल अधिकारी अनुपस्थित रहे तो होगा निलंबन**

कलेक्टर ने बैठक में बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 4 से 9 तारीख के मध्य अन्न उत्सव का आयोजन होगा। हाट बाजारों में तथा जहां हाट बाजार नहीं लगते हैं वहां प्रत्येक माह की 7 तारीख को अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा। यदि एक सेल्समैन दो दुकानें संचालित करता है तो 7 तथा 9 तारीख को आयोजन होगा। इस दौरान नोडल अधिकारी मौजूद रहेगा। यदि वह उपस्थित नहीं रहता है तो निलंबित कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

**गुंडे-बदमाशों का सफाया, 5000 को रोजगार का लक्ष्य**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि गुंडे-बदमाशों का सफाया तथा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना भी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। जिले में 5000 बेरोजगारों को रोजगार देने का लक्ष्य मिला है। 12 व 13 जनवरी को जिले में रोजगार मेले आयोजित कर 15 जनवरी को ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे।

**रेत माफिया पर होगी कार्रवाई**

रेत माफियाओं पर कार्रवाई को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला खनिज विभाग 1 जनवरी को ठेकेदार के साथ पुलिस अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों तथा खनिज अधिकारियों की एक बैठक आयोजित करें। सीएमएचओ को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिस तरह ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं वैसी ही तेजी से नगरीय क्षेत्रों में भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

नई दुनिया।
31-12-2020




# 493 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 29 दिसम्बर तक 493 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 29 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 493 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 29 दिसम्बर मंगलवार को पावर हाउस रोड, तोपखाना, धानमण्डी, चांदनी चौक, सैलाना बस स्टैण्ड से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों चौराहों को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वयं अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपत्ति को नुकसान पंहूचता है तो पालक पर 500 रुपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रुपये 500/- वसूल करेगा। स्वच्छंद रुप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत डाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

इन्दौर समाचार

शेष भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निगम करेगा कार्यवाही, अर्जुन नगर में लोगों ने...

# निगम की 22 बीघा जमीन पर किया कब्जा, कल 9 बीघा से हटाया



**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क** 31-12-20

अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की 22 बीघा से अधिक भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन मे निगम इंजीनियर, राजस्व निरीक्षक श्री मेहरबान सिंह, पटवारी व गिरधावर द्वारा मौके पर की गई।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने स्थल पर नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि के नक्शे का अवलोकन किया व नगर निगम विकास शाखा की निर्मित स्वीकृत योजना लगभग 22 बीघा से अधिक की भूमि के भूमि पर अतिक्रमण होना पाये जाने पर नगर निगम व राजस्व विभाग द्वारा भूमि का सीमांकन कर 9 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटवाकर भूमि को कब्जे में लिया।

इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर अतिक्रमण किया गया है। उक्त भूमि में से 9 बीघा भूमि को कब्जे में ले लिया गया है शेष भूमि जिसमे अतिक्रमण कर खेती की जा रही है उसे भी अतिक्रमण मुक्त कर शीघ्र कब्जे में लिया जायेगा।

कब्जे में लिये जाने के पश्चात भूमि पर आवासीय योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। उक्त अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, विकास मरकाम आदि उपस्थित थे।

राजएक्सप्रेस
31-12-2020

**बदलाव की कवायद: 4 जनवरी को कलेक्टर और कमिश्नरों की कान्फ्रेंस लेंगे मुख्यमंत्री**

# कलेक्टरों ने नहीं दी परफॉरमेंस रिपोर्ट, सीएस कार्यालय नाराज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. प्रदेश के कलेक्टरों ने सरकार को अपनी परफॉर्मेंस रिपोर्ट नहीं भेजी है, इस कारण सीएस कार्यालय ने कलेक्टरों पर नाराजगी जताई है। दरअसल, सीएम शिवराज सिंह चौहान 4 जनवरी को कलेक्टर कमिश्नर कान्फ्रेंस करने वाले हैं।

इसके पहले सभी जिलों के कलेक्टरों की परफॉरमेंस रिपोर्ट सीएस कार्यालय ने बुलाई थी, ताकि सीएम को पता रहेगी किस कलेक्टर की क्या परफॉरमेंस रिपोर्ट आई है। लेकिन, कलेक्टर ने यह रिपोर्ट नहीं भेजी। इस पर सीएस कार्यालय ने नाराजगी जताकर तत्काल रिपोर्ट तलब की है। कान्फ्रेंस के बाद नए साल में प्रशासनिक सर्जरी होगी। इसका आधार सीएम का पर्सनल फीडबैक और यह परफॉर्मेंस रिपोर्ट ही रहेगी। सीएम ने प्रदेश में अभी यह व्यवस्था की है कि परफॉर्मेंस के आधार पर ही जिलों में पोस्टिंग होगी। इसके तहत हर कलेक्टर की परफॉर्मेंस भी जांची जाना है। अभी तक केवल 10 से 12 जिलों ने ही रिपोर्ट भेजी। इस कारण सीएस इकबाल सिंह बैंस ने नाराजगी जताकर तत्काल रिपोर्ट तलब की। रीवा, मुरैना, ग्वालियर सहित कई जिलों के कलेक्टरों को पिछली बार सीएम ने नाराजगी जताई थी। इन जिलों के कलेक्टरों को परफॉर्मेंस सुधारने के लिए कहा गया था।



# 502 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

नई दुनिया 31-12-2020

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 502 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। बुधवार को शहर सराय, लौहार रोड, नीम चौक, काटजू नगर व बैंक कॉलोनी से नौ मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के निर्देशन में की गई।

नई दुनिया

31-12-2020

शाम 7 बजे मोबाइल पर आया मैसेज

# निगम के 373 कर्मचारियों को मिला वेतन

लगातार



नया माह शुरू होने में मात्र दो दिन शेष, निगम में अब तक वेतन नहीं मिला

पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 31-12-2020

रतलाम. नगर निगम के 373 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को दिसंबर की 30 तारीख को नवंबर माह का वेतन मिल गया। इस बारे में पत्रिका ने 30 दिसंबर के अंक में नया माह शुरू होने में मात्र दो दिन शेष, नगर निगम में अब तक वेतन नहीं मिला शीर्षक से समाचार का प्रकाशन किया था। वेतन मिलने के बाद सैकड़ों कर्मचारियों ने उनके हक की आवाज उठाने पर पत्रिका का आभार प्रकट किया है। शाम को कुल 3170500 रुपए का भुगतान किया गया।

नगर निगम के मैजिक वाहन चालक, उनके सहायक, हाथ ठेला गाड़ी चलाने वाले सहित सीवरेज लाइन गैंग के कर्मचारियों से नवंबर माह में काम तो लिया गया, लेकिन फंड के अभाव में जुझ रही नगर निगम ने इन 373 कर्मचारियों को वेतन 29 दिसंबर तक नहीं दिया। इसके बाद पत्रिका ने ही इनके हक की आवाज को उठाया। पत्रिका में समाचार प्रकाशन के बाद निगम में हड़कंप मच गया। यहां तक की निगम प्रशासक व कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने भी पूरे मामले की जानकारी आयुक्त सोमनाथ झारिया से लेकर बुधवार को ही अनिवार्य रुप से वेतन देने की बात कही। इसके बाद आयुक्त झारिया ने लेखा विभाग को एक ही दिन में पूरा कार्य करने को कहा।

पत्रिका ने हमेशा की तरह समाज के अंतिम व्यक्ति की पीड़ा को बेहद जिम्मेदारी व गंभीरता के साथ उठाया। इसके लिए सभी कर्मचारियों की तरफ से हृदय की गहराई से आभार प्रकट करते हैं। शाम को सभी 373 कर्मचारियों को नवंबर माह का वेतन मिल गया है।

**- संजय पैमाल**, सचिव, नगर निगम संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति

पत्रिका
31-12-2020

इन्दौर समाचार 31-12-2020

# अर्जुन नगर में विकास शाखा की भूमि से अतिक्रमण हटाया, 9 बीघा भूमि का कब्जा प्राप्त किया

## शेष भूमि को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कर कब्जे में लिया जायेगा

रतलाम। अर्जुन नगर में नगर निगम विकास शाखा की 22 बीघा से अधिक भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जे में लेने की कार्यवाही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में निगम इंजीनियर, राजस्व निरीक्षक मेहरबान सिंह, पटवारी व गिरधावर द्वारा मौके पर की गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्थल पर नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना की भूमि के नक्शे का अवलोकन किया व नगर निगम विकास शाखा की निर्मित स्वीकृत योजना लगभग 22 बीघा से अधिक की भूमि के भूमि पर अतिक्रमण होना पाये जाने पर नगर निगम व राजस्व विभाग द्वारा भूमि का सीमांकन कर 9 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटवाकर भूमि को कब्जे में लिया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि उक्त भूमि 1982 में नगर निगम विकास शाखा की स्वीकृत योजना का हिस्सा है जिस पर अतिक्रमण किया गया है। उक्त भूमि में से 9 बीघा भूमि को कब्जे में ले लिया गया है शेष भूमि जिसमें अतिक्रमण कर खेती की जा रही है उसे भी अतिक्रमण मुक्त कर शीघ्र कब्जे में लिया जायेगा। कब्जे में लिये जाने के पश्चात भूमि पर आवासीय योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। उक्त अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य उपयंत्री ब्रजेश कुशवाह, विकास मालवीय आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार
31-12-2020

# गंदगी व मलबा फैलाने वालों पर जुर्माना

## 12 लोगों पर कार्रवाई, सीसीटीवी से रखी जा रही निगरानी

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत नजर रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



फ्रीगंज क्षेत्र में जुर्माने की कार्रवाई करते हुए निगम का अमला। • नईदुनिया

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर नवल किशोर व न्यू राजस्थान मशीनरी पर 2500-2500, प्रकाश ट्रेडर्स, बालाजी एग्रो, गणेश ट्रेडर्स, नीलेश इंटरप्राइजेस, महावीर टेंट हाउस, सतीश सोमानी, दीपक कोठारी, हर्ष अरोरा, जयश्री टेंट हाउस, लाला खान पर 500-500 रुपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

31-12-2020

नईदुनिया

31-12-2020

# पट्टेधारियों को हटाने का विरोध, कांग्रेस ने दिया धरना

## अर्जुननगर का मामला ● एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, कार्रवाई रोककर जांच कराने की मांग

31-12-2020

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। अर्जुन नगर में नगर निगम द्वारा खाली मिली नौ बीघा जमीन पर कब्जा लेने व शेष जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अब राजनीतिक रंग भी ले रही है। निगम द्वारा झुग्गी-झोपड़ी हटाने को लेकर कांग्रेस ने क्षेत्रवासियों के साथ शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया व पूर्व पार्षद रजनीकांत व्यास के नेतृत्व में नगर निगम के सामने गांधी उद्यान में मौन धरना देकर कार्रवाई का विरोध किया।

गांधी उद्यान में गांधी की प्रतिमा के समक्ष बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एकत्र होकर धरने पर बैठ गए। दोपहर करीब एक बजे शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमंत चौहान वहां पहुंचे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कटारिया व पूर्व पार्षद व्यास व पूर्व पार्षद कमरूद्दीन कछवाय ने एसडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि उक्त जमीन पर लोगों को प्रशासन ने ही बसाया है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा लोगों को हटाया जा रहा है। कार्रवाई रोककर मामले की जांच कराई जाए। एसडीएम ने प्रकरण की जांच कराने का आश्वासन दिया।



नगर निगम के सामने गांधी उद्यान में धरना देते हुए कांग्रेसी। ● नईदुनिया

**ऋण भी स्वीकृत हो चुके हैं :** ज्ञापन में बताया गया कि अर्जुननगर झुग्गी बस्ती की भूमि पहले नगर सुधार न्यास की थी। उस पर 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत आवासीय भूखंड 1984 में विकसित किए गए थे। बाद में डूब क्षेत्र में आने से उक्त योजना को निरस्त कर हितग्राहियों को उनकी राशि वापस कर भूमि पुनः शासन को सौंप दी गई थी। उक्त भूमि पर शहर की विभिन्न झुग्गी बस्तियों सुभाषनगर, फ्रीगंज, पोलोग्राउंड आदि स्थानों पर निवासरत झुग्गीवासियों को प्रशासन ने वर्ष 2000 में बसाया था। करीब सौ परिवारों को पट्टे भी दिए थे।

वर्ष 2013 में पुनः तत्कालीन कलेक्टर बी. चंद्रशेखर व तत्कालीन नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अलग-अलग स्थानों के झुग्गीवासियों को भी वहां बसाया था। कई पट्टेधारियों को पीएम आवास योजना के तहत ऋण भी मिला है। जबरन हटाने पर कांग्रेस द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

### नहीं तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा

शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार गरीबों को आवास देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी नुमाइंदे गरीबों की छत उजाड़ने में लगे हैं। प्रशासन ने गरीबों के आशियाने उजाड़े तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी। धरना प्रदर्शन में पूर्व पार्षद फैयाज मंसूरी, वहीद शेरानी, चंद्रप्रकाश पुरोहित, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमरूद्दीन कछवाय, जितेंद्र हाड़ा, पंडित कैलाश सोलंकी, अफजल नेता आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया
31-12-2020

# कांग्रेस और रहवासियों का गांधी प्रतिमा पर मौन धरना

## आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा हटने का अल्टीमेटम देने पर झुग्गीवासियों ने किया विरोध

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 31-12-20

जिस प्रशासन ने रहने को आशियाना दिया वही प्रशासन आज आशियाने उजाड़ने की योजना बना रहा है। अर्जुन नगर स्थित झुग्गी बस्ती में रहवासियों को वर्ष 2000 में प्रशासन द्वारा सुभाष नगर, पोलो ग्राउंड, फ्रीगंज की झुग्गी बस्तियों से लाकर बसाया गया था उसके पश्चात 2013 में तत्कालीन जिलाधीश चंद्रशेखर और नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा पुनः अन्य झुग्गी वासियों को वहां बसाया गया एवं पट्टे वितरित किए गए। अब उन्हें फिर उस जगह से आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा हटने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। इसी समस्या को लेकर अर्जुन नगर झुग्गी बस्ती रहवासियों द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं क्षेत्रीय पार्षद रजनीकांत व्यास के नेतृत्व में बुधवार को नगर निगम स्थित गांधी उद्यान में मौन धरना दिया गया। धरने पर बैठे महेंद्र कटारिया का कहना है कि उक्त भूमि पर नगर सुधार न्यास की योजना डूब क्षेत्र में आने के कारण निरस्त कर दी गई थी उसके पश्चात गरीब रह वासियों को बसाया गया था!

### जमीन की नपती भी की गई

एक तरफ भाजपा सरकार गरीबों को आवास देने की बात कर रही है, दूसरी तरफ सरकारी नुमाइंदे गरीबों की छत उजाड़ने में लगे हैं! इसको कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इसमें आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा हाल ही में जमीन की नपती भी की गई। प्रशासन द्वारा इन गरीबों के आशियाने उजाड़े गए तो कांग्रेस बड़ा अंदोलन करेगी और इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। अंत में कलेक्टर महोदय के नाम शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत एवं सीएसपी हेमंत चौहान की मौजूदगी में इस समस्या से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया। धरने में पूर्व पार्षद फैय्याज मंसूरी, वहीद शेरानी, चंद्रप्रकाश पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष कमरूद्दीन कछवाय, जितेंद्र हाड़ा पंडित कैलाश सोलंकी अफजल नेता, सहित बड़ी संख्या में अर्जुन नगर रहवासी उपस्थित थे।

राजएक्सप्रेस 31-12-2020

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत सफाई मित्र समूह ने रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देकर शहर को नम्बर-1 बनाने का संकल्प दिलाया

इन्दौर समाचार 31-12-2020

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तमाम प्रयास कर रहा है। इन्ही प्रयासों के चलते नागरिकों में सकारात्मक भाव जगाने के लिए कचरा मुक्त स्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर रांगोली निर्माण और दीपदान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

इन्ही प्रयासों के चलते सोमवार को बाजना बस स्टेण्ड, गौशाला रोड सहित आधा दर्जन इलाकों में रांगोली निर्माण के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया तो लोगों ने भी संकल्प लिया है कि हम शहर के प्रति अपना फर्ज निभाते हुए नियत स्थान पर कचरे के निपटान करेंगे और नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के प्रयासों में सहयोग करेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान 2021 के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

इन्दौर समाचार

31-12-2020